तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार,29 जून 2024

12 टांगरी नदी में पानी निकासी बेहतर न होने पर ...


12 रिहायशी भवन में घुसकर हमला करने वाले छह आरोपी काबू


## खबर संक्षेप

### लापता बच्चा नाले में पड़ा मिला, अस्पताल में मौत

पानीपत। पानीपत के गांव निंबरी में निवास कर रहे अजब सिंह मूल निवासी गांव नगला काइयां जिला कासगंज, उत्तर प्रदेश का ढाई माह का पुत्र अनुज वीरवार को अचानक लापता हो गया। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। शुक्रवार की सुबह अनुज, घर के पास नाले में पड़ा मिला। उस समय उसकी सांस चल रही थी। परिजनों ने पानीपत के सिविल अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान अनुज की मौत हो गई।

### ठेकेदार पर दुष्कर्म का केस दर्ज

पानीपत। पानीपत निवासी एक महिला के साथ ठेकेदार ने दुष्कर्म किया। पीडित महिला आरोपी ठेकेदार के यहां दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम करती थी। हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस को दी शिकायत महिला ने बताया कि उसका बेटा चोरी के एक मामले में पकड़ा गया था। ठेकेदार ने उसकी जमानत का इंतजाम किया। बदले में वह उसके घर पहुंचा और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस ने राजकुमार नामक ठेकेदार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में कार चालक की जान गई

पानीपत। जीटी रोड करहंस गांव के नजदीक अनियंत्रित कंटेनर चालक ने कार सवार को देर रात्रि टक्कर मार दी। कार आगे चल रहे एक अन्य वाहन के बीच में फंसकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें कार सवार गौतमबुद्ध नगर सेक्टर 51 निवासी रोहित की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नगर निगम कार्यालय से व्यक्ति का पर्स चोरी

**यमुनानगर।** शहर के नगर निगम कार्यालय में हाउस आईडी अपडेट करवाने आए व्यक्ति का पर्स चोरी हो गया। पर्स में साढ़े नौ हजार रुपये व जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दिल्ली में बारिश से जलभराव के चलते ट्रेन का पहिया रुका रहा

# पानीपत में विभिन्न जगहों पर घंटों रोकी गई रेल गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दिल्ली में शुक्रवार के तडके लगातार छह घंटे चली बारिश ने पानीपत से दिल्ली के बीच रेल यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली-अंबाला रेल लाइन समेत अन्य लाइनों से दिल्ली और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाली रेल प्रभावित रही। रेल यातायात करीब साढ़े छह घंटे बंद होने दो दर्जन से अधिक ट्रेन प्रभावित रही।

■ यात्रियों को अपने गंतव्य को जाने के लिए सड़क यातायात का सहारा लेना पड़ा


पानीपत में समालखा के पास खडी ट्रेन।

यात्रियों को अपने गंतव्य को जाने के लिए सड़क यातायात का सहारा लेना पड़ा। सुबह साढ़े 10 बजे इक्का-दुक्का ट्रेनों को दिल्ली भेजना शुरू किया।

स्मरणीय है कि दिल्ली में शुक्रवार की रात एक बजे बारिश शुरू हो गई थी। पुरानी दिल्ली और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में पानी घुस गया। यहां ट्रैक पर पानी आने से रेलवे ने ट्रेनों को आउटर पर रोकना शुरू कर दिया। बारिश के लगातार चलने से रेलवे ट्रैक पर पानी बढ़ता चला गया।

ऐसे रेलवे ने अल सुबह तीन व चार बजे के बीच रेलों को जहां के तहां रेलवे स्टेशनों पर रोकना शुरू कर दिया। पानीपत के समालखा, पानीपत, घरौंडा व करनाल में ट्रेनों को रोक दिया गया। इस दौरान दिल्ली आने-जाने वाली यात्री, मेल और पैसेंजर गाड़ी प्रभावित रही।

#### यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा

सुबह साढ़े 10 बजे बारिश बंद होने के बाद ट्रैक से पानी उतरने के बाद गाड़ियों का आवागमन शुरू हुआ। रेल यातायात सामान्य होने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली। दूसरी ओर, दिल्ली की तरफ सुबह के समय दैनिक यात्री सबसे अधिक जाते हैं। पानीपत व यहां से सुबह सवा पांच बजे यात्री गाड़ी शुरू हो जाती हैं। शुक्रवार को दिल्ली में बारिश के चलते यात्री गाड़ियों को भी ब्रेक लगा दिए गए। रेलवे ने स्टेशनों पर उद्घोषणा करानी शुरू कर दी। ऐसे में यात्रियों को सड़क मार्ग से होकर अपने गंतव्य को जाना पड़ा। ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली के अलावा दिल्ली से आने और इससे आगे जाने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

# अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी करने का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने विदेश अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना लाडवा की टीम ने विदेश अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी निखिल पाहवा पुत्र रमेश कुमार पाहवा वासी लाडवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 मई 2023 को राहुल पुत्र विजेंद्र कुमार वासी मेरडा जिला जींद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका अपनी रिश्तेदारी बकाली लाडवा मे आना जाना है। वह विदेश जाना चाहता था। लाडवा मे उसकी मुलाकात निखिल से हुई जिसने उसको विदेश भेजने के बारे में कहा और बताया कि वह विदेश भेजने का काम करता है। उनकी 40 लाख रुपये में अमेरिका जाने के लिए बात तय हुई। आरोपी ने कहा कि पहले उसको तनजानिया भेजेगा बाद में अमेरिका भेज देगा। इसके बाद उसने आरोपी को अगस्त 2022 में 6 लाख नगद दे दिए। उसके 2 दिन बाद उसने 4 लाख 50 हजार रुपए और दिए और आरोपी ने उसको तनजानिया की टिकट दी। 1 नवम्बर 2022 को उसको दिल्ली से मुम्बई तथा मुम्बई से तनजानिया के लिए भेज दिया। 3 नवम्बर को तनजानिया पहुंचने के बाद उसको होटल में रोका गया। उसके बाद आरोपी ने उससे 4.5 लाख रुपये की मांग की। पैसे मिलने के बाद उन्होंने उसके पास से करीब 1290 डालर भी छीन लिए और उसको भारत वापस भेज दिया। वापस आकर उसने अपने पैसे वापस मांगें तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक मूलचंद को सौंपी गई। प्रभारी थाना लाडवा के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक उप निरीक्षक मूलचंद की टीम ने विदेश अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के निखिल पाहवा पुत्र रमेश कुमार पाहवा वासी जमनादास बाजार लाडवा जिला कुरुक्षेत्र गिरफ्तार कर लिया।

■ पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया

# कला परिषद की अभिरुचि कक्षाओं में विद्यार्थी सीख रहे कला के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं मानी गई है, इंसान हमेशा सीखता रहता है। बाल्यकाल से वृद्धावस्था तक व्यक्ति समाज में रहकर कुछ न कुछ सीखता रहता है, जो उसके जीवन को एक नया मोड़ देने में सहयोगी होता है। ऐसा ही कुछ कला कीर्ति भवन में देखने को मिल रहा है, जहां अलग-अलग उम्र के कलाकार विभिन्न विद्याओं को सीखकर कला से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने बताया कि कला कीर्ति भवन में इस वर्ष अभिनय, चित्रकला, हरमॉनियम, गायन, हरियाणवी नृत्य तथा कत्थक नृत्य की कक्षाएं लगाई गई हैं। अभिनय कक्षा के विद्यार्थियों को विकास शर्मा द्वारा अभिनय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं हरमॉनियम तथा गायन का प्रशिक्षण नवजोत सिंह दे रहे हैं। चित्रकला के विद्यार्थी कला परिषद की ललित कला समन्वयक सीमा काम्बोज की देखरेख में चित्रकला सम्बंधित जानकारी हासिल कर रहे हैं, वहीं कत्थक व हरियाणवी नृत्य का प्रशिक्षण पंकज कुमार द्वारा दिया जा रहा है। नागेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 4 बजे से 6 बजे तक लगने वाली कक्षाओं में दस वर्ष से लेकर सत्तर वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। हॉबी कक्षाओं का समापन 3 जुलाई को कला कीर्ति भवन में किया जाएगा, जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

■ कक्षाओं में दस वर्ष से लेकर सत्तर वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया



# कस्टोडियन लैंड पर बसे 30 हजार लोगों को मिलेगी राहत

## सरकार मॉडल टाउन में निर्धारित रेट पर ही रजिस्ट्री करवा सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम क्षेत्र में कस्टोडियन लैंड पर बसी तीन कॉलोनियों के करीब 30 हजार लोगों को सरकार से राहत मिल सकती है। सरकार इन कॉलोनियों के लोगों के मकानों की पूर्व में मॉडल टाउन में निर्धारित किए गए 250 रुपये प्रति वर्ग गज के रेट पर ही रजिस्ट्री करवा सकती है। इस मुद्दे को लेकर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, निवर्तमान पार्षद अशोक कटारिया, कोमल सैनी, रामकुमार सैनी कुरुक्षेत्र में निकाय मंत्री सुभाष सुधा से मिले। मुलाकात में निकाय मंत्री ने शहर के जनप्रतिनिधियों की ओर से की गई शहरवासियों की मांग को सुना और सकारात्मक आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि वे इन कॉलोनियों के पूरे रिकॉर्ड को निकलवा कर इस पर अधिकारियों से चर्चा करेंगे और जल्दी ही फैसला भी लेंगे। विधायक विज ने बातचीत में कहा कि ये तीनों कॉलोनियों अब वार्ड सात से 11 में हैं। जो एससी-बीसी वार्ड की कॉलोनियां हैं। यहां पर करीब 25 एकड़ जमीन में तीनों कॉलोनी कस्टोडियन लैंड पर करीब 40 से 50 साल पहले बस चुकी हैं। इनमें वार्ड फिलहाल सात राजीव कालोनरी और वार्ड 11 की सैनी कालौनी, चावला कालोनी है। जिनकी आबादी करीब 30 हजार है। सरकार ने नियम बनाया था कि कस्टोडियन लैंड की जमीन पर बसे लोग अपनी जमीन की कलेक्टर रेट के हिसाब से रजिस्टरी करवा सकते हैं। शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि तीनों कालोनियों के लोगों की काफी समय से मांग आ रही थी कि उनकी रजिस्ट्री हो जाए और सरकार द्वारा पूर्व निर्धारित रेटों पर ही हो जाए। इसे लेकर दोनों जनप्रतिनिधियों के साथ निकाय मंत्री सुभाष सुधा से मुलाकात की गई। जिस पर मंत्री की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया है।

■ पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, निवर्तमान पार्षद अशोक कटारिया, कोमल सैनी, रामकुमार सैनी कुरुक्षेत्र में निकाय मंत्री सुभाष सुधा से मिले


पानीपत के विधायक प्रमोद विज, निकाय मंत्री सुभाष सुधा से वार्ता करते हुए।

# 320 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** कुवि के कुलपति के निर्देशनुसार कुवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एलएलएम, एमए मनोविज्ञान एवं लोक प्रशासन में दाखिले के लिए शुक्रवार को आयोजित प्रवेश परीक्षाएं हुई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के ब्लॉक एक व दो में एलएलएम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 320 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं केयू आर्ट्स फैकल्टी में आयोजित दूसरे केंद्र में 112 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि विधि संस्थान में आयोजित एमए मनोविज्ञान में दाखिले के लिए 220 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया तथा आर्ट्स फैकल्टी में आयोजित एमए लोक प्रशासन के लिए 90 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 29 जून को मास्टर ऑफ सोशल वर्क की 50 सीटों के लिए प्रातः 10 बजे, एमए अंग्रेजी की 120 सीटों के लिए दोपहर 12 बजे तथा एमए अर्थशास्त्र की 80 सीटों के लिए दोपहर 3 बजे प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि 30 जून को एमबीए एसएफएस व बजटिड की परीक्षा प्रातः 10 बजे, बीएड स्पेशल एजुकेशन (वीआई) की परीक्षा दोपहर 12 बजे, एलएलबी के लिए प्रवेश परीक्षा दोपहर 3 बजे आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है

■ आर्ट्स फैकल्टी में आयोजित एमए लोक प्रशासन के लिए 90 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी

# पानीपत के तीरंदाज सितांशु ने जीता गोल्ड

**पानीपत।** आल इंडिया नेशनल लेवल तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें भारत के सभी राज्यों के तिरंदाजों ने भाग लिया। जिसमें पानीपत जिले के एनवी तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजो ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, गोवा नेशनल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी है। अकादमी के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन परिणाम हासिल किए। सीनियर कंपाउंड राउंड में सीतांशु ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कार्तिक ने रजत पदक पर अपना कब्जा किया। वहीं सीतांशु, कार्तिक, प्रियांशु और अहान की हरियाणा सीनियर टीम ने पंजाब की टीम को हराकर पहला स्थान हासिल किया। अंडर 14 श्रेणी में, प्रीक्षित ने तमिल नाडू के तिरनादाज को पछाड़ते हुए इंडियन राउंड में कांस्य पदक जीता, तथा पानीपत के वंश और हार्दिक की हरियाणा टीम ने कंपाउंड राउंड में पहला स्थान हासिल किया। पानीपत के एनवी तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों ने कुल 10 पदक जीते, जो एक बड़ी उपलब्धि है



# कार्निवल ग्रैंड शॉप्सी मेले की रही धूम

**पानीपत।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी के फ्लिपकार्ट ने हाल ही में अपने बहुप्रतीक्षित शॉपिंग ग्रैंड शॉप्सी मेला के पांचवें संस्करण का समापन किया। मेला में शॉप्सी पर ग्राहकों में पचास प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई, जिनमें से तिरालीस प्रतिशत पहली बार ई-कॉमर्स खरीदार थे। शॉप्सी की बिजनेस हेड प्रत्युषा अग्रवाल ने कहा, हम अपने सबसे बड़े सेल इवेंट ग्रैंड शॉप्सी मेले की निरंतर सफलता से उत्साहित हैं। यह हर साल बड़ा होता जा रहा है और हमने देखा है कि उपभोक्ता इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह सर्वोत्तम हाइपरवैल्यू शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में हमारे प्रति ग्राहकों के भरोसे को दर्शाता है। हम व्यापक रेंज से लेकर सहज ब्राउज़िंग अनुभव तक एंड-टू-एंड इनोवेशन के लिए समर्पित है।

## अच्छी पहल

### कंवरपाल ने भाजपा के जिला कार्यालयों में लगाया खुला दरबार

कृषि मंत्री ने खुले दरबारों में सुनीं आमजन की समस्याएं

# आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान: कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने शुक्रवार को तीन स्थानों भूड़कलां, छछरौली व भाजपा के जिला कार्यालय यमुना कमल में खुला दरबार लगाकर लोगों की जन समस्याएं सुनी। इस दौरान कृषि मंत्री कंवरपाल ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उन्हें उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर जल्द करने के निर्देश दिए।

■ प्राथमिकता के आधार पर समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए

कृषि मंत्री कंवरपाल ने शुक्रवार सुबह सबसे पहले खंड प्रतापनगर के भूड़कलां में खुला दरबार लगया। जिसमें सैंकड़ो लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कृषि मंत्री ने मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान खुले दरबार में गीता राम सरपंच चुहरड़पुर कलां ने नाले की निशानदेही करवाने, राकेश देवधर ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ दिलवाने, कुटीपुर निवासी कमला ने मकान मुरम्मत की किश्त दिलवाने, शिव कॉलोनी छछरौली निवासी कमलेश, तरुण, निर्मल,अनीता ने कमलेश के घर से निर्मल कौर के घर तक गली निर्माण करवाने, मानीपुर ग्राम पंचायत ने स्कूल की चारदिवारी, स्कूल से लेकर हनीफ के घर से फिरनी व नाले का निर्माण करवाए जाने, रामपुर खादर के सरपंच ने श्मशान घाट का रास्ता पक्का करवाए जाने, कांसली निवासी गुलामदीन ने मकान की मरम्मत की किश्त दिलवाए जाने, छछरौली निवासियों ने कस्बा में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने आदि समस्याएं रखी। जिनमे से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान संखेड़ा निवासी ओमकार ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा स्कीम के तहत उसकी जमीन का पंजीकरण किसी अन्य व्यक्ति के नाम किए जाने की शिकायत मंत्री को दी मंत्री कंवर पाल ने दोषी के विरुद्ध संबंधित अधिकारियो को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद कृषि मंत्री कंवरपाल ने छछरौली व यमुनानगर में भाजपा जिला कार्यालय में खुला दरबार लगाकर आजम की समस्याएं सुनी।


यमुनानगर के भूड़कलां में आयोजित खुले दरबार में आमजन की समस्याएं सुनते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर छछरौली के एसडीएम राजेश पूनिया, डीएसपी महावीर सिंह, तहसीलदार सुदेश मेहरा, थाना प्रभारी छछरौली रोहताश सिंह, बीडीपीओ सचेत मित्तल, सिंचाई विभाग के एक्सईएन गुरविंदर सिंह,भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, कल्याण सिंह, गुलशन अरोड़ा, कुलदीप राणा, जगदीश धीमाव न डॉ. वागीश गुटेन आदि मौजूद रहे।

# केयू आईआईएचएस में बीकॉम व बीएससी लाइफ साइंस में दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी

## बीकॉम की पहली मेरिट सूची 104.2 से शुरू होकर 101.2 पर समाप्त हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा शुक्रवार को बीकॉम एवं बी ए स सी लाइफ साइंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि दोनों प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए 1 जुलाई को होनी वाली फिजिकल काउंसलिंग में अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि बीकॉम में दाखिले के लिए कमरा संख्या 1 में तथा बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस के लिए कमरा संख्या 26 में काउंसलिंग आयोजित होगी तथा फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित है। उन्होंने बताया कि बीकॉम की ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 104.2 से शुरू होकर 101.2 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस 100.2, हरियाणा जनरल की 101 से 98.4 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 98 से शुरू होकर 96.2 तक, हरियाणा एससी की 98.4 से 95.2 तक, हरियाणा डी-एससी 94.8 से 89.6, बीसीए 98.4 से 96.2, हरियाणा बीसी बी 98.4 से 96.8, दिव्यांग/ पीडब्ल्यूडी/ पीएच/ ब्लाइंड वर्ग की 83.2 तथा ईएसएम वर्ग की 96.6 से 93.6 पर समाप्त हुई। वहीं बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस की ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 103 से शुरू होकर 98.6 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस 94.4 से 94, हरियाणा जनरल की 98.4 से 94 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 93 से शुरू होकर 88.4 तक, हरियाणा एससी की 93 से 88 तक, हरियाणा डी-एससी 92.6 से 76.2, बीसीए 93.8 से 86.2, हरियाणा बीसी बी 93.4 से 86.6, ईएसएम वर्ग की 78.8 से शुरू होकर 66.8 पर समाप्त हुई है।

उन्होंने बताया कि मैरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

■ अभ्यर्थी को फिजिकल काउंसलिंग के लिए 1 जुलाई को होना होगा उपस्थित



**खबर संक्षेप**

### बेटे व पुत्रवधू पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**यमुनानगर।** शहर की राजा राम गली निवासी सुनिता ने अपने लड़के व पुत्रवधू पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। सुनिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो लड़कियां व दो लड़के हैं। उसके बड़े लड़के गौरव का तलाक हो चुका है। जबकि सौरभ अपनी पत्नी कृतिका के साथ उनके पास घर में रहता है। घर उसके पति के नाम है। सुनिता ने बताया कि उसका लड़का सौरभ व उसकी पत्नी कृतिका उसके साथ मकान को लेकर झगड़ा करते हैं। 27 जून को आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी की कांबोज कॉलोनी में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। श्याम सुंदरपुरी कॉलोनी निवासी शिवम बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक मकान कांबोज कॉलोनी में है। उसने कुछ दिन पहले श्याम सुंदरपुरी कॉलोनी स्थित अपने मकान में शिफ्ट किया है। कुछ सामान अभी शिफ्ट करने के लिए उसके पुराने मकान में पड़ा है। 25 जून को जब वह अपने पुराने मकान में गया तो उसने देखा कि गेट का लगा ताला टूटा पड़ा है और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर घर से सामान व गहने गायब मिला।

## नगर निगम क्षेत्र की 77859 संपत्तियां हुई प्रमाणित

# यमुनानगर संपत्तियां प्रमाणित करने में प्रदेश में बना नंबर वन

36.51 प्रतिशत के साथ यमुनानगर ने प्राप्त किया प्रदेश भर में प्रथम स्थान, संपत्तियां स्वयं प्रमाणित कराने में जुटे निगम कर्मी


**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में संपत्तियां प्रमाणित करने के कार्य की जानकारी देते हुए निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र की अब तक 77859 संपत्तियां प्रमाणित हो चुकी हैं। 36.51 प्रतिशत संपत्तियां प्रमाणित कर नगर निगम प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। संपत्तियां शत प्रतिशत प्रमाणित करने के लिए निगम कर्मी घर घर जाकर शहरवासियों की संपत्तियां प्रमाणित कर रहे हैं। इसके अलावा तीनों निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों में भी संपत्ति प्रमाणित की जा रही हैं। यहां संपत्तियां प्रमाणित करने के लिए लोगों की आपत्तियां दर्ज कर उनका समाधान भी किया जा रहा है। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने शहरवासियों से एनडीसी पोर्टल पर जाकर अपनी संपत्ति स्वयं प्रमाणित करने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि यदि वे यह कार्य करने में असमर्थ हैं तो घर घर जा रहे निगम कर्मचारियों से अपनी संपत्ति प्रमाणित कराएं। जब तक नगर निगम क्षेत्र की हर संपत्ति प्रमाणित नहीं हो जाती है तब तक यह कार्य जारी रहेगा। घर घर जा रहे निगम कर्मचारियों का शहरवासी सहयोग करें और अपनी संपत्ति प्रमाणित करवाएं। यदि संपत्ति डाटा में कोई गलती है तो उसे जरूर ठीक करवाएं। ऐसा न करने पर उन्हें भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### ऐसे करें अपनी प्रॉपर्टी आईडी स्वयं प्रमाणित

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि प्रॉपर्टी प्रमाणित करवाना बहुत जरूरी है। प्रॉपर्टी मालिक स्वयं भी अपनी प्रॉपर्टी प्रमाणित कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आईडी स्वयं प्रमाणित करने के लिए प्रॉपर्टी मालिक सबसे पहले एनडीसी की साइट पर जाएं। न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें और अपना ब्यौरा दर्ज करें। अपने रजिस्ट्रेशन मोबाइल नंबर से लॉगिन करें और सर्च फील्ड से प्रॉपर्टी आईडी सर्च करें। प्रॉपर्टी का ब्यौरा दर्ज करें। जहां हां या नहीं के दो विकल्प मिलेंगे। यदि आपकी आईडी सही है तो हां पर क्लिक कर अपनी आईडी प्रमाणित करें। यदि आपकी आईडी सही नहीं है तो नहीं पर क्लिक करें और आवश्यक दस्तावेज सहित आपत्ति दर्ज करें। यदि प्रॉपर्टी मालिक स्वयं आईडी प्रमाणित करने में सक्षम नहीं है तो वह निगम के तीनों कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों अर्थात सीएफसी के काउंटरों पर जाकर अपनी प्रॉपर्टी आईडी प्रमाणित करवा सकते हैं। आपकी आईडी प्रमाणित होते ही यह लॉक हो जाएगा। इसके बाद प्रॉपर्टी मालिक के अलावा कोई अन्य इस आईडी को खोलकर इसका गलत इस्तेमाल नहीं कर सकेगा।

### नगर निगमों की संपत्तियां प्रमाणित होने का विवरण

यमुनानगर नगर निगम में कुल संपत्तियां 211556 हैं। जिनमें 77859 संपत्तियां यानी 36.51 प्रतिशत प्रमाणित की जा चुकी हैं। वहीं, हिसार में कुल संपत्तियां 153789 हैं। जिनमें 50640 ( 32.92 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित की जी चुकी हैं। पंचकूला में कुल 101762 संपत्तियां हैं। जिनमें26249 ( 25.79 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित की गई हैं। इसी तरह पानीपत में कुल संपत्तियां 178013 हैं और 45572 (25.60 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित की जा चुकी हैं। वहीं, गुरुग्राम में कुल संपत्तियां 665568 हैं। जिनमें 147474 (22.15) प्रतिशत संपत्तियां प्रमाणित की गई। रोहतक में कुल संपत्तियां 219130 हैं और 42375 ( 19.33 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित की गई। करनाल में कुल संपत्तियां 168645 हैं। जिनमें 31817 (18.68 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित की गई। मानेसर में कुल संपत्तियां 146259 हैं और 26776 (18.30 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित की गई। इसी तरह अंबाला में कुल संपत्तियां 123281 हैं और 22175 (17.98 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित हुई। वहीं, फरीदाबाद नगर निगम में कुल संपत्तियां 714692 हैं और 122213 (17.10 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित की गई व सोनीपत में कुल संपत्तियां 193117 और 30049 (15.55 प्रतिशत) संपत्तियां प्रमाणित की गई हैं।

# राक्षी नदी के पुल की ग्रिल क्षतिग्रस्त

- लोगों को सताने लगा हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** खेड़ी लक्खा सिंह के नजदीक राक्षी नदी पुल पर क्षतिग्रस्त हुई ग्रिल।

जिले के गांव खेड़ी लक्खा सिंह के नजदीक राक्षी नदी पर बने पुल की लोहे की ग्रिल क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के लोगों को पुल पर बड़ा हादसा होने का डर सताने लगा है। क्षेत्र के लोगों ने पुल की क्षतिग्रस्त हुई ग्रिल को तुरंत ठीक करवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के ग्रामीण प्रिंस कुमार, राजेश, सोनू, कमल कुमार, अमरनाथ व साहिल आदि ने बताया कि गांव खेड़ी लक्खा सिंह के नजदीक से राक्षी नदी निकल रही है। नदी के ऊपर वाहनों व लोगों के आवागमन के लिए पुल बनाया हुआ है। पुल के किनारों पर कोई हादसा ना हो के लिए लोहे की ग्रिलें लगाई गई हैं। मगर पुल पर लगी लोहे की ग्रिल पिछले काफी समय से क्षतिग्रस्त हुई पड़ी हैं। पुल के ऊपर से गुजर रहे वाहन कभी भी अनियंत्रित होकर नदी में गिर सकते हैं। जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, रात्रि के अंधेरे में पुल पर ग्रिल नहीं होने से कोई वाहन चालक नीचे गिरकर हादसे का शिकार हो सकता है। क्षेत्र के लोगों ने कई बार संबंधित विभाग को ग्रिल ठीक करवाए जाने के बारे में अवगत करवाया गया है। मगर अभी तक ग्रिल को ठीक नहीं किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से राक्षी नदी पर क्षतिग्रस्त ग्रिल को तुरंत ठीक करवाए जाने की मांग की।

# दहेज के लिए भेंट की अलमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** गांव गुमथला में जरूरतमंद परिवार को अलमारी भेंट करते रोटरी क्लब के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

रोटरी क्लब रादौर ने गुमथला में एक गरीब परिवार की बेटी के दहेज के लिए अलमारी भेंट की। जिस पर बेटी के परिवार ने रोटरी क्लब के सदस्यों का आभार जताया है। क्लब के सदस्य शुक्रवार को गुमथला में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव की एक गरीब परिवार की बेटी के दहेज के लिए अलमारी भेंट की। सदस्यों ने बताया कि क्लब द्वारा जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं की शादी समारोह का आयोजन इस बार दो फरवरी 2025 को बसंत पंचमी के अवसर पर गुरूकुल खरकाली में करवाया जाएगा। क्लब के प्रधान निर्मल सिंह ने बताया कि क्लब की ओर से समय समय पर भी जरूरतमंद परिवार की बेटियों को उनकी शादी के अवसर पर जरूरत का सामान भेंट किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव गुमथला में एक जरूरतमंद परिवार की बेटी को अलमारी भेंट की गई है। इस अवसर पर डॉ. शुभम सलूजा, संदीप सचदेवा , डॉ. सुदेश, कर्ण चानना, हरजीत सिंह सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, भारत माटिया, राजीव आर्य सन्नी आदि मौजूद रहे।

### नशा से दूर रहने के लिए युवाओं को दिलाई शपथ



**रादौर।** गांव दुधला में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में इलाके के समाजसेवी भीम सिंह राठी ने भाग लिया। उन्होंने अपनी ओर से गांव के खिलाड़ियों को वॉलीबाल व क्रिकेट किट भेंट की गई। मुख्यातिथि एवं समाजसेवी भीम सिंह राठी ने कहा कि आज अधिकांश युवा नशा जैसी बुराई की चपेट में आ रहा है। जिसे नशा जैसी बुराई से बचाना बेहद जरुरी है।

# समस्या समाधान शिविरों से मिल रहा लाभ

- जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में आयोजित किया समस्या समाधान शिविर
- जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने समस्या समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में शुक्रवार को समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया गया। मौके पर पुलिस विभाग समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला सचिवालय में आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा यह पहल लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने में सहायक होगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने व आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# डिटेलिंग करेव शोरूम में की तोड़फोड़

- पुलिस ने परिवार के चार सदस्यों समेत पांच के खिलाफ किया केस दर्ज
- आरोपियों पर एक लाख 12 हजार रुपये किराया हड़पने व धोखा करने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के मॉडल टाउन में कारों की एसेसरीज के शोरूम डिटेलिंग करेव में तोड़फोड़ की गई। अंदर खड़ी कार के शीशे तोड़कर ढाई लाख रुपये चुरा लिए गए। शोरूम संचालक ने हॉल मालिक व उसके परिवार सदस्यों पर तोड़फोड़ करने व पैसे चुराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिवार के चार सदस्यों समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सौरभ राणा व दिनेश चौधरी ने बताया कि उन्होंने मॉडल टाउन शक्ति नगर निवासी हरीश कुमारी, उसके पति अमित गंभीर, सास कुसुम गंभीर व ससुर सिकंदर लाल गंभीर से मॉडल टाउन में एक हॉल किराये पर लिया था। यह हॉल उन्होंने कार की एसेसरीज के काम के लिए किराये पर लिया था। हाल किराये पर लेने के लिए आरोपियों ने 22 मई को उसका किरायेदामा नोटरी से तस्दीक कराया था। जिसके बाद हॉल का किराया 20 जून से लागू होना था। किराये की मियाद 19 व 20 जून तक तय हुई थी। उन्होंने आरोपियों को हॉल के किराये के लिए एक लाख 12 हजार दे दिए थे। इसके बाद उन्होंने हॉल का नवीनीकरण करवाना शुरू कर दिया। लगभग 30 लाख खर्च करने के बाद उन्होंने हॉल को अपने कारोबार के लिए तैयार करवा लिया। हॉल तैयार होने के बाद उन्होंने इसमें डिटेलिंग करेव के नाम से फर्म बनाकर अपना काम शुरू किया और कारोबार के लिए सामान डालना शुरू कर दिया। अब तक हमने हॉल में जो भी काम किया, उससे आरोपियों ने कोई एतराज नहीं किया। हॉल में उन्होंने कारोबार से संबंधित सामान रखा हुआ था।

### ये है आरोप

इसके अलावा स्विफ्ट डिजायर कार भी हॉल में खड़ी की हुई थी। कार के अंदर कारोबार के लिए करीब ढाई लाख रुपये भी रखे हुए थे। 21 जून को वह अपना कार्यालय बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वे कार्यालय पहुंचे तो कार्यालय के ताले टूटे हुए थे। हॉल के अंदर खड़ी कार क्षतिग्रस्त हालत में हॉल के बाहर खड़ी थी। अंदर कार्यालय में रखा उनके कारोबार से संबंधित सामान टूटा हुआ था। अपने स्तर पर जब उन्होंने जांच की तो पता चला कि आरोपी अमित गंभीर, उसकी पत्नी हरीश कुमारी ने बदमाश किस्त के लोगों को बुलाकर उनके कार्यालय के ताले तोड़कर जबरन तोड़फोड़ की है। सौरभ राणा का आरोप है कि अब जब उन्होंने 30 से 32 लाख रुपये का खर्च कर दिया तो अब आरोपी उनसे दुकान खाली करवाना चाहते हैं। आरोपियों ने उन्हें परेशान करने के लिए दुकान के बाहर रेत डालकर उनका रास्ता बंद कर दिया।



### भाजपा ओबीसी मोर्चा के सदस्यों ने 27 प्रतिशत आरक्षण मिलने की खुशी में बांटे लड्डू

**रादौर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के सदस्यों ने रादौर स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की खुशी में लड्डू बांटे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने की। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देकर सराहनीय कार्य किया है। भाजपा सरकार ने समाज का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में ओबीसी वर्ग भाजपा का साथ देकर प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करेगा। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनना तय है। इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, सुशील बत्रा, अमित कांबोज बुबका, मुकेश अरोड़ा मक्की, सतीश सैनी, राजकुमार शर्मा, मास्टर घनश्याम मनचंदा व विक्रम वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# युवती का अपहरण किया, डेढ़ लाख में बेचा

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बहन से लड़ाई होने के बाद सुसाइड़ करने जा रही उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी 20 वर्षीय युवती को तीन भाईयों ने अपहरण कर पहले उसके साथ खुद दुष्कर्म किया। बाद में आरोपियों ने युवती को यमुनानगर के पुराना हमीदा कॉलोनी में एक महिला को डेढ़ लाख में बेच दिया। जहां आरोपी महिला ने उसे नशीली गालियों खिलाकर उससे देह व्यापार करवाया। पीड़िता ने अपने भाई पर फोन कर उसे घटना के बारे में बताया। पीड़िता के भाई ने मौके पर पहुंचकर उसे आरोपी महिला से मुक्त करवाया और गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पीड़िता का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी भाईयों समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच जून को उसका अपनी छोटी बहन के साथ घर के काम को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद वह उससे लड़ाई करके सुसाइड करने के लिए घर से निकल गई। दोपहर एक बजे वह घंटा चौक के पास खड़ी थी। तभी उसके पास हबीबगढ़ जिला सहारनपुर निवासी आसिफ व कासीम आए। आरोपियों ने उसे जूस पिलाया। जिसके बाद आरोपी उसे थ्री व्हीलर में बिठाकर एक कमरे में लेकर आए। वह कमरा उनके भाई आमीर का था। आरोपियों ने उसे तीन दिन उस कमरे में रखा। जहां आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी अपनी भतीजी आफरीन के साथ मिलकर उसे एक कार में बिठाकर यमुनानगर के पुरानी हमीदा कॉलोनी में लेकर आए। जहां आरोपी ने आफरीन के भाई हमीदा निवासी अदनान के कमरे पर रखा। जहां वही तीन दिन रही। इसके बाद आरोपियों ने उसे सबाखाना नाम की महिला को डेढ़ लाख में बेच दिया। आरोपी महिला ने उसे नशीली गोलियों खिलाकर उससे देह व्यापार करवाने लगी। आरोपी महिला ने उसकी जबरदस्ती वीडियों बनाई। जिसमें उससे कहलवाया गया कि वह यहां पर अपनी मर्जी से आई है और अपनी मर्जी से यह काम कर रही है। एक दिन उसने मौका पाकर अपने भाई को घटना के बारे में बताया और जगह की लोकेशन बताई। देर शाम युवती को भाई उसके बताए पते पर पहुंचकर अपनी बहन को मुक्त करवाया। डॉक्टरों ने युवती का मेडिकल करवाया। जहां उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 328, 342, 506, 370, 376डी व 3,4 इम्मोरल ट्रेफिक एक्ट के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

# बेटी के उज्जवल भविष्य के लिए खुलवाएं सुकन्या समृद्धि खाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की है। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उन्होंने अभिभावकों को आह्वान किया है कि वह अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाएं। योजना के तहत बालिका का जिले के किसी भी डाकघर या बैंक में खाता खुलवाया जा सकता है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि माता पिता द्वारा इस खाते में जोड़ा गया पैसा बालिका को अपने जीवन में आगे बढ़ने में सहायता करेगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को शुरू किया गया है। इस योजना के तहत खाता कम से कम 250 रुपये में खुलवाया जा सकता है। एक वर्ष में अधिक से अधिक खाते में एक लाख 50 हजार रुपये जमा करवाए जा सकते हैं। सरकार द्वारा जमा राशि व परिपक्वता राशि पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी की आयु 18 वर्ष की होने के बाद जब भी शादी करें तब खाता बंद करवा सकते हैं। विवाह से एक माह पहले या तीन महीने बाद तक खाता बंद करवाया जा सकता है।

## जगाधरी के सामान्य अस्पताल में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने शिविर में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** सिविल अस्पताल जगाधरी में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का प्रोत्साहित करते हुए मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री कंवरपाल।

जगाधरी के सामान्य अस्पताल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने की। मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन को सभी सेवाएं प्रदान करने में सदा प्रयासरत रहती है। लेकिन समाजसेवी संस्थाओं व आमजन के सहयोग के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। हम सभी समाज के अंग हैं। आपसी सहयोग द्वारा ही समाज को चलाया जा सकता है तथा रक्त का तो कोई विकल्प ही नहीं है। रक्त तो मरीजों के लिए केवल रक्तदाताओं द्वारा ही दान किया जा सकता है।

### रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए

मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि हमें स्वयं तो रक्तदान करना ही चाहिए तथा साथ साथ अन्यों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने रक्तदान शिविर में भाग लेने पर सभी का आभार जताया। मौके पर रोटरी क्लब जगाधरी के सदस्यों द्वारा मरीजों के लिए दो व्हील चेयर तथा समाज सेवी आकाश बंसल व नरेन्द्र कुमार द्वारा मरीजों के वार्ड के लिए जम्बो एयर कूलर प्रदान किए गए। शिविर में सिविल अस्पताल यमुनानगर की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्य मंगला,नागरिक अस्पताल जगाधरी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुज मंगला आदि मौजूद रहे।

# जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- शुक्रवार को गोगा माढ़ी पर भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** रादौर में गोगा माढ़ी पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

जाहरवीर सेवा समिति के तत्वावधान में कस्बा स्थित गोगा माढ़ी पर बीती रात जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। वहीं, शुक्रवार को गोगा माढ़ी पर हवन यज्ञ के आयोजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जागरण में गायक अवतार सिंह व बलकार सिंह ने जाहरवीर गोगा जी की महिमा का गुणगान किया। समिति के प्रधान कुलविन्द्र सिंह ने बताया कि जागरण में गायकों द्वारा जाहरवीर गोगा की गौरव गाथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान गायकों द्वारा गाए भजनों पर श्रद्धालू झूम उठे। उन्होंने बताया कि जागरण के बाद शुक्रवार सुबह गोगा माढ़ी पर पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद दोपहर के समय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि भीम सिंह राठी को समिति के सदस्यों ने स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर राजेश पाल, राजीव सैनी ,कृष्ण सैनी, प्रवीन सैनी, रविंद्र, सुमित सैनी, प्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### महादेव गोशाला में संस्कारशाला 1 से

कुरुक्षेत्र। श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की ओर से 1 जुलाई से प्रतिदिन 5:30 बजे से लेकर 7:00 बजे तक संस्कार केंद्र शुरू किया जाएगा जिसमें पहली क्लास से लेकर पांचवी क्लास तक के बच्चों को आधा घंटा संस्कार सिखाए जाएंगे और उसके पश्चात उनका स्कूल से मिला हुआ होमवर्क कराया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने बताया विद्यालय परिवार और समाज मिलकर बालक का निर्माण करते हैं।

### डायरिया रोकथाम विशेष अभियान एक जुलाई से

कुरुक्षेत्र। सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने बताया कि आगामी 1 जुलाई से जिले में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान 31 अगस्त 2024 तक चलेगा। इस कार्यक्रम में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया (दस्त) के बारे मे बच्चो व उनके अभिभावकों को स्वच्छता, हाथ धोने का सही तरीका, पीने के लिए साफ पानी का प्रयोग या पानी को उबालकर पीना, पूर्ण आहार व पर्याप्त पोषण आदि के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### यातायात नियमों की पालना जरूरीः भोरिया

कुरुक्षेत्र। देश में सड़क हादसे एक गंभीर समस्या है और इस पर विचार अवश्य होना चाहिए। भारत में सड़क हादसों की मुख्य वजह यह है कि यहां के लोग सडक नियमों के प्रति जागरूक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों से बचने के लिए सड़क सुरक्षा जरूरी है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने यातायात सुरक्षा को लेकर जारी एडवाइजरी जारी करते हुए कही। पुलिस अधीक्षक ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि भारत में सडको का महत्व अत्यधिक है लेकिन सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता काफी कम हैं। नियमों की पालना करके हम अपने साथ-साथ कई बेशकीमती जिंदगियों को दुर्घटना होने से बचा सकते हैं।

### मान्यता प्राप्त एजेंट के माध्यम से विदेश जाएं

कुरुक्षेत्र। शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। यह बात पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिहँ भोरिया ने वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही। जिला पुलिस द्वारा विशेष एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। एसपी सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि हरियाणा एक सम्पन्न प्रदेश है। यहां के लोगो की विदेश जाने की काफी इच्छा होती है।

# नगर परिषद द्वारा नालों की सफाई का अभियान लगातार जारी

■ बारिश से पहले युद्धस्तर पर हो रही नाले-नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम सुरेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र को आने वाले दिनों में संभावित बारिश से जलमग्न होने से बचाने हेतु नगरपरिषद शहर के नालों की सफाई युद्धस्तर पर करवा रहा है। झांसा रोड, बाजारों सहित शहर के अलग अलग क्षेत्रों में नालों, नालियों की सफाई का अभियान बीते कई दिनों से लगातार जारी है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा खुद इन सफाई कार्यों की अपडेट भी ले रहे हैं और मौके पर जाकर निरीक्षण भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे लगातार नगरपरिषद के अधिकारियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ उन सभी क्षेत्रों का दौरा भी कर चुके हैं जो बीते वर्ष हुई बारिश में जलमग्न हो गए थे। उन्होंने सभी विभागों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि बारिश से पहले इन सभी पॉइंट्स की सफाई हो जानी चाहिए। उस दिन से अब तक लगातार नगरपरिषद के अधिकारी इन सफाई कार्यों का मुआयना कर रहे हैं। शहर में अनेक स्थानों पर बरसाती जल निकासी के पॉइंट्स संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन हेतु जनस्वास्थ्य विभाग के एस.ई.

#### सरस्वती और साइफन की सफाई बाकी

वहीं दूसरी ओर लोगों का कहना है कि जिस प्रकार नगरपरिषद के अधिकारी और कर्मचारी नालों की सफाई में युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं उसी प्रकार सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड को भी सरस्वती को समय रहते सफाई करवा लेनी चाहिए क्योंकि सरस्वती कुरुक्षेत्र की लाइफलाइन है इसी सरस्वती नदी ने बीते वर्ष कुरुक्षेत्र के बाढ़ की विभीषिका से काफी हद तक सुरक्षित रखा था। आज यही सरस्वती गंदगी से अटी पड़ी है, कई क्षेत्रों में तो सरस्वती में बड़ी बड़ी घास और पेड़ भी लगे हुए है जिन्हे जल्द से जल्द हटाना और साफ करना बेहद जरूरी है ताकि बारिश का पानी सड़कों पर जमा होने की बजाय सरस्वती में चलता रहे। सरस्वती नदी को पिपली से लेकर झांसा रोड तक दोनों ओर पक्की करने और उसके अंदर से गंदगी, मिटी निकलने का काम भी जल्दी होना चाहिए। इसी प्रकार झांसा रोड पर दोनो ओर के नालों की सफाई कर इन्हें सरस्वती पुल तक मिलाने की मांग भी की जा रही है। इसी प्रकार लोगों का कहना है कि गांव दबखेडी से ज्योतिसर के बीच जो साइफन है उसकी भी समय रहते सफाई कर लेनी चाहिए। अगर उसकी ढंग से सफाई हो जाए तो जनता को बारिश में परेशान नहीं होना पड़ेगा। अब देखना यह है कि नगरपरिषद की तरह बाकी विभाग भी कितनी गंभीरता से अपनी ड्यूटी निभाते हैं और आने वाली बारिश से कुरुक्षेत्र को जलमग्न होने से कैसे बचाते हैं।

#### एसडीएम ने किया निरीक्षण

शुक्रवार को भी एसडीएम सुरेंद्र पाल ने नगरपरिषद के अधिकारियों के साथ झांसा रोड, पिपली रोड व शहर के कई अन्य क्षेत्रों का दौरा कर बारिश से बचाव हेतु जारी कार्यों का निरीक्षण किया और मौके पर अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

अशोक खंडूजा भी कुरुक्षेत्र पहुंचे। उन्होंने नगरपरिषद के अधिकारियों के साथ शहर के उन सभी क्षेत्रों का निरीक्षण किया जो क्षेत्र बरसात के दिनों में जलमग्न हो जाते हैं। उन्होंने जल निकासी संबंधी समस्या के अधिकारियों और कर्मचारियों का मार्गदर्शन भी किया ताकि बारिश के दौरान जनता को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े।

## कारगिल योद्धाओं को किया सम्मानित, मेजर जनरल अरविंद यादव बोले

# जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती है उनका वजूद ही हो जाता है खत्म

समाज को देश के सैनिकों व उनके परिजनों का हमेशा सम्मान करना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कारगिल योद्धाओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

भारतीय सेना के अतिरिक्त तोपखाना महानिदेशक मेजर जनरल अरविन्द यादव ने कहा कि कौम देश के लिए शहीद होने वाले बलिदानियों को हमेशा याद रखें। जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती है उनका वजूद खत्म हो जाता है। समाज को देश के सैनिकों व उनके परिजनों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। वे शुक्रवार को सीनेट हॉल में विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कारगिल शहीदों के परिजनों व कारगिल योद्धाओं को सम्मानित किया गया। केयू एलुमनी मेजर जनरल अरविंद यादव ने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सैनिक अपना पूरा जीवन देश की सेवा व सुरक्षा के लिए समर्पित करता है इसलिए उनका मान, सम्मान करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज और सैनिकों को परस्पर जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध में अपने शौर्य का परिचय देते हुए अपने राष्ट्र के लोगों की रक्षा करते हुए शहीद होकर देश का नाम रोशन किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कुवि परिसर में पहुंचने पर मेजर जनरल अरविन्द यादव, डी-5 मोटरसाइकिल दल के 36 सदस्यों, शहीदों के परिजनों व कारगिल योद्धाओं का स्वागत किया। मंच का संचालन डॉ.अतुल यादव ने किया। डी-5 मोटरसाइकिल दल के 36 सदस्यों की 10 हजार किलोमीटर की यात्रा द्रास में जाकर सम्पन्न होगी। इस अवसर पर डॉ. हरविन्द्र राणा ने अपनी पुस्तक कभी तो आ जाना मेजर जनरल अरविन्द यादव को भेंट की। इस मौके पर प्रो. डीएस राणा, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. विवेक चावला, आईआईएचएस प्राचार्या प्रो. रीटा दलाल, प्रो. कुसुमलता, प्रो. अनिल गुप्ता, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, कैप्टन परमजीत सिंह, अशोक रोशा, डॉ. एमके मोदगिल, डॉ. आनंद, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, जिला सैनिक बोर्ड के आरआर शर्मा सहित कारगिल शहीदों के परिजन, कारगिल योद्धा, एनसीसी कैडेट्स व संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

#### कारगिल शहीदों के परिजनों व योद्धाओं को किया गया सम्मानित

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कार्यक्रम में कारगिल शहीद सिपाही संजीव कुमार की माता पार्वती देवी, शहीद नायक जसविन्द्र सिंह की धर्मपत्नी सिमरजीत कौर, शहीद सिपाही गुलाब सिंह की माता मेरो देवी, शहीद राइफलमैन परवेश कुमार की माता कमलेश देवी व कारगिल युद्ध में अपनी दोनों टांग खोने वाले नायक सूबेदार स्वर्ण सिंह को सम्मानित किया गया और सभी को सम्मान स्वरूप 35 हजार रुपये व शाल सम्मान में प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र के कारगिल योद्धाओं सूबेदार मेजर(आन कप्तान) सुरेन्द्र मोहन शर्मा, सूबेदार मेजर(आन कप्तान) गुरमेल सिंह, सूबेदार रविन्द्र कौशिक, सिपाही सतनाम सिंह, हवलदार मुकेश, नायक बहादुर सिंह, सूबेदार मेजर गुरमीत सिंह, हवलदार राज सिंह, सूबेदार मेजर करम सिंह, हवलदार करमचन्द, सूबेदार मेजर (आन कप्तान) गुरमीत सिंह, आन कप्तान बलजीत सिंह, नायक बलबीर सिंह व हवलदार सतपाल सिंह को सम्मानित किया गया।

#### आईआईएचएस प्रांगण में किया पौधरोपण

डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि मेजर जनरल अरविन्द यादव ने कुवि के आईआईएचएस के प्रांगण में पौधारोपण किया तथा विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट के साथ संवाद किया और छात्रों को भारतीय सेना द्वारा किए गए बलिदान के बारे में बताया तथा देश सेवा के लिए प्रेरित किया।



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते एआईएलयू के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एआईएलयू ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने का विरोध करते हुए बार रूम कुरुक्षेत्र मे रोष प्रदर्शन किया। रोष प्रदर्शन को एआईएलयू के राज्य अध्यक्ष गुरमेज सिंह, राज्य सह सचिव राजविंदर सिंह चन्दी, लोकल यूनिट के अध्यक्ष प्राशीश कंवर जिला सचिव सुशील कुमार अधिवक्ताओ विजेंद्र बांगड़ राजकुमार सैनी, परवीन चोपड़ा, ओम प्रकाश, दीपक कुमार, परनव जुनेजा, कृष्ण कुमार, सतपाल सिंह, महेंद्र सिंह लुखी रामेश्वर आदि ने संबोधित किया। आल इंडिया लायर यूनियन कुरुक्षेत्र नए आपराधिक कानून विधेयकों भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 की अलोकतांत्रिक शुरूआत और इन्हें जल्दबाजी में पारित कराए गए कानूनों को लागू करने की निंदा और विरोध करता है। विपक्षी दल के सदस्यों के अलोकतांत्रिक, अन्यायपूर्ण और सामूहिक निलंबन के बाद लोकसभा मे फौजदारी कानून पास करवाए गए थे। अब इनको लागू किया जा रहा है, जबकि होना यह चाहिए था कि इनको लेकर व्यापक विचार विमर्श होता और व्यापक बहस के बाद आपतिजनक प्रावधानों को हटाकर सामूहिक समझ बनाई जाती।

#### एक से होगा प्रभातफेरियों का आगाज

पिहोवा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व व गोसेवा को समर्पित प्रभात फेरियों का आयोजन एक जुलाई से 26 अगस्त तक किया जाएगा। मंदिर के सेवादार जगदीश तनेजा ने बताया कि प्रभातफेरियां पूरी तरह से गो सेवा को समर्पित होगी। इनके माध्यम से जो भी धनराशि प्राप्त होती है वह चारे व गोसेवा में खर्च की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रभातफेरियों का मकसद लोगों को भक्ति- भाव व गोसेवा से जोड़ना है। श्रीकृष्ण कृपा गोशाला के उप प्रधान सुशील गुप्ता ने बताया कि नगर में स्थित जिला कुरुक्षेत्र की इस सबसे बड़ी गोशाला में लगभग 1500 गाए पुण्य का लाभ दे रही हैं। श्रीकृष्ण कृपा मंदिर के प्रधान राजेश गर्ग ने कहा कि आमजन के सहयोग के बिना चारा एवं तूड़ी सहित कई अन्य प्रकार के खर्च का वहन करना अकेले गोशाला प्रबंधन के लिए असंभव है। प्रभातफेरियों के दौरान 25 से 28 जुलाई तक चार दिवसीय गीता ज्ञान अमृत महोत्सव का आयोजन पिहोवा की अनाज मंडी परिसर में होगा। जिसमें परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज अपनी ओजस्वी वाणी से प्रवचन कर श्री कृष्ण प्रेमियों को निहाल करेंगे।



जगदीश तनेजा

## एक दिवसीय रोजगार मेले में 188 विद्यार्थियों का हुआ चयन

कुरुक्षेत्र। युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला रोजगार कार्यालय के द्वारा संयुक्त रूप से एक जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जय सिंह सैनी चैयरमैन आईएमसी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने शिरकत कर दीप शिखा प्रज्वलित करके किया। इस रोजगार मेले में एलीना आटो इंडस्ट्रीज मोहाली, उम्दा यूटिलिटी प्राइवेट लि. फरीदाबाद, इसजैक यमुनानगर, स्वराज महिन्द्रा लिमिटेड मोहाली, श्रीकृष्णनाथ इमपैक्स लिमिटेड कुरुक्षेत्र, सहित 12 कंपनियों ने भाग लिया। इसमे जिला कुरुक्षेत्र व आस पास के क्षेत्रों के सभी आई टी आई पास व इस वर्ष में आई टी. आई की परीक्षाओं में भाग लेने वाले व नॉन आई टी आई 408 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा 188 छात्र/छात्राओं का चयन किया गया। युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग की ओर से जो युवा प्रशिक्षण हासिल कर चुके हैं उनका चयन करते हुए रोजगार मेले के माध्यम से विभिन्न कंपनियों में उन्हें रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

## विकास कार्यों के लिए बजट को सरकार ने दी स्वीकृति

■ 6 करोड़ 78 लाख के बजट को स्वीकृति दी : संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक सरदार संदीप सिंह ने कहा कि पिहोवा हलके में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार ने 6 करोड़ 78 लाख 68 हजार के बजट को स्वीकृति दी है। इससे हल्के की 61 चौपालों की मरम्मत, 27 गांवों में शिव धाम योजना के तहत श्मशान घाटों का सुधारीकरण, मार्केटिंग बोर्ड की 6 सड़कें और पीडब्ल्यूडी की तीन सड़कों को सही किया जाएगा। पूर्व मंत्री संदीप सिंह सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता के कार्य समय पर पूरे होने चाहिए। सरकार लंबित कार्यों को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। संदीप सिंह ने बताया कि चौपालों के मरम्मत कार्य पर दो करोड़ 11 लाख 91 हजार, शिव धाम योजना के तहत एक करोड़ 80 लाख 81 हजार रुपए, हरियाणा स्टेट मार्केटिंग बोर्ड की 6 नई सड़कों के निर्माण कार्य पर 2 करोड़ 39 लख रुपए और पीडब्ल्यूडी की तीन नई सड़कों पर लगभग 40 लाख 94 हजार सुधारीकरण पर खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ट्यूबवेल के उन कनेक्शन के लिए भी शिफ्टिंग के नियम आसन किए हैं। जो बोर के ठप होने पर दूसरी जगह पर करवाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के हित में कार्य कर रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जिन योजनाओं को आगे बढ़ाने का सपना प्रदेश के लिए देखा था। उन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और नवनिर्वाचित सांसद नवीन जिंदल दिन-रात पूरा करने में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर उनके साथ सांसद नवीन जिंदल के भतीजे साहिल जिंदल व भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### आरक्षण की घोषणा से खुशी का माहौल : पाल

पिहोवा। पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत की घोषणा से ओबीसी वर्ग में खुशी है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष फूल सिंह पाल ने कहा कि पिछड़े वर्ग को हक देने का काम भाजपा सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। सरकारी नौकरियों में न्याय, मैरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी और सामाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों में पिछड़ा वर्ग की भागीदारी और उससे भी कहीं आगे बढ़कर राजनीतिक नेतृत्व के मामले में पिछड़ा वर्ग को वास्तविक हक देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अंदर क्रिमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से 6 लाख है।



जिलाध्यक्ष फूल सिंह पाल।

## समाधान शिविर में पीपीपी की 41 शिकायतें

■ प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान समय पर हो : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शिकायतों का निवारण करती अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा।

अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और तय समय सीमा के अंदर होना चाहिए, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। एडीसी डा. वैशाली शर्मा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान आई हुई जनता की समस्याओं का समाधान करने उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। एडीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हर कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। सोमवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में करीब 78 शिकायते सुनी गई, जिनमें से करीब 41 शिकायते परिवार पहचान पत्र से संबंधित थी, शेष शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने क्रिड की डीएम मेनका बूरा को कहा कि फैमिली आईडी से संबंधित जो शिकायतें आ रही है, उसका तय समय सीमा के अंदर समाधान करें तथा शिकायतकर्ता का नंबर जरुर लें ताकि उससे संपर्क किया जा सके। इस मौके पर नगराधीश डा. रमन गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### मौके पर ही निपटायी समस्याएं

कुरुक्षेत्र। जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे है। मौके पर ही प्रार्थी अपनी शिकायत को देकर उसका निदान भी करवा रहे है। आज आयोजित समाधान शिविर में सेना से सेवानिवृत मेजर इन्द्रजीत शर्मा की नगरपरिषद द्वारा हाउस टैक्स से सम्बन्धित जो समस्या थी, उसका मौके पर ही निदान कर दिया गया। शिविर में पहुंचे कुरुक्षेत्र हाउसिंग बोर्ड निवासी इन्द्रजीत शर्मा ने बताया कि नगर परिषद द्वारा उनका हाउस टैक्स दशार्या गया है जबकि नियमानुसार उन्हें टैक्स छूट में प्रावधान है। इस समस्या को लेकर आज यहां पहुंचे थे और उन्होंने अपनी इस समस्या बारे अतिरिक्त उपायुक्त को अवगत करवाया।

### निजी अस्पतालों में 1 से नहीं होगा आयुष्मान योजना के तहत इलाज

कुरुक्षेत्र। जिल के सभी प्राइवेट हॉस्पिटल में 1 जुलाई के बाद आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीज का उपचार नहीं हो सकेगा क्योंकि प्रदेश के सभी प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। क्योंकि केंद्र सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत प्राइवेट हॉस्पिटलों के बिलों का भुगतान नहीं कर पा रही। यही वजह है कि प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने यह कड़ा कदम उठाना पड़ा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन डॉ ऋषि पाल गुप्ता, डॉ सुरेंद्र मेहता, अमन गुप्ता, डॉ अनुराग कौशल व डॉक्टर भारद्वाज का प्रतिनिधिमंडल इस मामले को लेकर ज्ञापन सौंपने उपायुक्त कार्यालय पहुंचा जहां इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने उपयुक्त शांतनु शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

## पंजाबी बिरादरी के 15 लोगों को टिकट दी जाए : सुधीर चुघ

# विधानसभा चुनाव को लेकर पंजाबी समाज होने लगा लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ संत कुमार को सभा के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी



कुरुक्षेत्र। हरियाणवीं पंजाबी सभा के प्रदेश महासचिव सुधीर चुघ।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हरियाणा में पंजाबी समाज लामबंद होने लगा है। हरियाणवी पंजाबी सभा के प्रदेश महासचिव सुधीर चुघ ने बताया कि हरियाणवी पंजाबी सभा के अध्यक्ष संत कुमार को पूर्व मंत्री ए.सी. चौधरी ने भी अपनी हरियाणवी पंजाबी वेलफेयर सभा के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंप दी है। अब दोनों पंजाबी संगठन संत कुमार एडवोकेट की अगुवाई में एक साथ कार्य करेंगे। हरियाणा में कम से कम 25 विधानसभा पंजाबी बहुल क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में कौन से पंजाबी चुनाव जीतने की क्षमता रखते है ताकि उनका नाम पार्टी टिकट के लिए हाई कमान को भेजा जाए। इस बाबत सभा ने परीतिक्षत मदान कुरुक्षेत्र की अगुवाई में पांच मैम्बरी कमेटी बनाई हैं जो हरियाणा के सभी पंजाबी बहुल क्षेत्रों का दौरा करके अपनी रिपोर्ट सभा को सौंप देगी। विधानसभा चुनावो में कांग्रेस, भाजपा दोनों से ही कम से कम 15 पंजाबियों की टिकटों की मांग करेंगे। अब हम सभी शहरों में काम कर रही पंजाबी सभाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास करेंगे और प्रदेश के सभी पंजाबी बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों, डाक्टरों, इन्जिनियरों, वकीलों, विधार्थियों, अध्यापकों, युवाओं सहित सभी भाई-बहनों को सभा के साथ जोंडेंगे। संत कुमार अपने साथियों प्रवेश गाबा करनाल, लोकेश महाजन हिसार, अनिल बिनी पूर्व चैयरमैन सोनीपत, रमेश मेहता सिरसा, महेश डावर पानीपत, अनिल खुराना भिवानी, सुधीर चुघ कुरुक्षेत्र, गौरव वधवा कैथल, डॉ गुलशन कथूरिया यमुनानगर, एडवोकेट आर.के. नागपाल चंडीगढ़, राकेश अरोड़ा झज्जर सहित अन्य प्रमुख पंजाबियों को साथ लेकर सारे हरियाणा का दौरा करेंगे और जुलाई के अंत में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए एक विशाल पंजाबी महासम्मेलन आयोजित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सीआईए वन ने तीन आरोपी किए काबू

**अंबाला।** सीआईए वन ने मोबाइल फोन के साथ तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान सेक्टर आठ की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के नितेश जलबेहड़ा गांव के हमीर सिंह व गुरसेवक के तौर पर हुई। शास्त्री नगर के सचिन कुमार ने 23 अप्रैल 2024 को थाना अंबाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसकी पत्नी के हाथ से पर्स छीन लिया था। पर्स में नकदी, मोबाइल व एटीएम कार्ड था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कबूतरबाजी में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी कप्तान सिंह को शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 23 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी कप्तान सिंह व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार।

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी बंटी, दिलदार व मांगा को गिरफ्तार किया है। शास्त्री कॉलोनी के आशीष ने 26 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव मोहड़ी के परिसर से किसी आरोपी ने पानी की सबमर्सिबल मोटर, बैरिंग हब, स्टाटर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### नदी में खेती के बहाने पानी के बहाव को रोकने वालों पर कार्रवाई के निर्देश

# टांगरी नदी में पानी निकासी बेहतर न होने पर पूर्व मंत्री ने सिंचाई अधिकारियों को लगाई फटकार

**ज्यादा मशीनें लगाकर टांगरी नदी में पानी निकासी के लिए रास्ता बनाने पर होगी कर्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने टांगरी नदी में अलग-अलग स्थानों पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा पानी निकासी और बेहतर करने के दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर पानी निकासी बेहतर नहीं मिलने पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाई और बरसातों से पहले कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी निकासी के लिए टांगरी नदी में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने नदी तल को गहरा करने एवं अन्य कार्य तेजी से करने के लिए मौके पर ही अम्बाला डीसी को फोन कर दिशा-निर्देश भी दिए। शुक्रवार दोपहर पूर्व मंत्री अनिल विज ने सिंचाई विभाग के एसई अमित रघुवंशी, एक्सईएन कृष्ण कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ टांगरी नदी का जायजा लिया। बब्याल-चंदपुरा पुल पर टांगरी नदी पर उन्होंने नदी तल की सफाई का



अंबाला। टांगरी नदी का जायजा लेते पूर्व मंत्री अनिल विज।

जायजा लिया। कुछ दिन पहले ही पूर्व मंत्री अनिल विज ने यहां निरीक्षण कर नदी तल में साफ-सफाई कर झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए थे।

विभागीय अधिकारियों ने पूर्व मंत्री विज को बताया कि यहां पोक्लेन व जेसीबी मशीन से झाड़ियों को हटाते हुए नदी तल को साफ किया जा रहा है ताकि पानी निकासी में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। उन्होंने चंदपुरा पुल से लेकर शाहपुर तक नदी तल की सफाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता नरेंद्र राणा, श्याम सुंदर अरोड़ा, शक्ति, परमिंद्र सिंह पम्मा, विशाल टांगरी, ललता प्रसाद, रवि चौधरी एवं अन्य मौजूद रहे।

### नदी तल को गहरा करने के कार्य का जायजा लिया

पूर्व मंत्री अनिल विज ने जगाधरी रोड पर टांगरी नदी पुल पर जायजा लिया। यहां उन्होंने नदी तल को गहरा करने एवं अन्य कार्यों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा बरसातों से पहले यहां तेजी से कार्य किया जाए ताकि पानी निकासी में किसी प्रकार से बाधा न आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह निरंतर कार्य की मॉनिटरिंग करें।

नदी के दोनों छोर पर मिट्टी की दीवार बनाई जाए ताकि पानी घरों तक मार न कर पाए। पूर्व मंत्री अनिल विज ने टांगरी बांध रोड पर महेशनगर पंप हाउस का जायजा लिया। यहां पानी को लिफ्ट कर नदी में पंप करने वाले स्विच पैनल रूम को उन्होंने चैक किया। अधिकारियों ने बताया कि स्विच पैनल को पिछले वर्ष के मुकाबले ऊंचा कर लगाया गया है ताकि अत्याधिक पानी आने पर पैनल रूम ठीक प्रकार से कार्य करता रहे। पूर्व मंत्री अनिल विज ने पानी निकासी के लिए नाले को पक्का किए जाने के कार्य को भी बरसातों से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

विज ने अंबाला-सहारनपुर रेलवे लाइन पर टांगरी नदी को गहरा करने के कार्य का जायजा लिया जहां उन्होंने धीमे गति से चल रहे कार्य पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ज्यादा मशीने लगाते हुए नदी तल को यहां गहरा किया जाए और नदी तल को और चौड़ा किया जाए जिससे पानी निकासी बेहतर हो तथा रेल यातायात में कोई बाधा न आए। मौके पर स्थानीय लोगों ने पूर्व मंत्री अनिल विज को बताया कि कुछ लोगों ने नदी तल में खेती की है जिससे नदी का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है। श्री विज ने इसपर अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

विभिन्न गांव व कॉलोनियों की पानी निकासी के लिए गांव कोट कछुआ में बनाए गए पंप हाउस की कार्यप्रणाली को पूर्व मंत्री अनिल विज ने चेक किया। यहां पर पानी निकासी के लिए डाली गई पाइप लाइन का लेवल नीचे होने पर उन्होंने आपत्ति जताई और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई।



अंबाला। हत्या के आरोप में काबू किए गए आरोपी।

## मोटरसाइकिल सवार युवक की हत्या के आरोप में सात आरोपी गिरफ्तार

- किशोर भी लिया हिरासत में
- आरोपियों से एक पिस्टल, 2 मोटरसाइकिल, लकड़ी बिंडा व मोबाइल भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मोटरसाइकिल सवार युवक की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने सात आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों में एक किशोर भी है। उसे बाल सुधारगृह भेजा गया है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल एक पिस्टल, दो मोटरसाइकिल, लकड़ी का बिंडा व मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बकनौर गांव के गुरदास सिंह उर्फ माटू, साहिल उर्फ शंटी, जसबीर सिंह उर्फ जस्सी, अमनदीप सिंह उर्फ अमन वासी गांव मैतलां, रवालों गांव का मनीष कुमार उर्फ अमन पंडित के तौर पर हुई। आरोपियों को बकनौर के पास नहर पटरी से काबू किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही बकनौर के आरोपी रामकर्ण उर्फ कर्णी , बंबा गांव के सूर्य प्रताप उर्फ सूर्य को काबू कर चुकी है। आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान ही पुलिस ने अब पकड़े गए सभी आरोपियों की पहचान उजागर की थी। दरअसल दानीपुर गांव के मोहित ने 18 जून 2024 को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गुरदास सिंह उर्फ माटू, जसबीर सिंह उर्फ जस्सी, अमनदीप सिंह उर्फ अमन, साहिल उर्फ शंटी व मनीष कुमार उर्फ अमन पंडित व अन्य ने उसके भाई गुरप्रीत, गुरजंट और प्रदीप का रास्ता रोककर उन पर फायरिंग की थी। फायरिंग के दौरान गोली लगने के कारण गुरप्रीत की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गोली लगने के कारण गुरजंट घायल हो गया। इस शिकायत पर पुलिस ने हत्या समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के दौरान ही पुलिस ने आरोप आरोपी सूर्या कुमार से एक देसी पिस्टल, मोटरसाईकिल व मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपी सूर्या कुमार के खिलाफ करनाल में पहले भी एक मामला दर्ज है।

## रिहायशी भवन में घुसकर जानलेवा हमला करने वाले छह आरोपी काबू, हथियार भी जब्त

- नन्यौला की इंदिरा कॉलोनी में आरोपियों ने अंजाम दी थी वारदात, आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाल

थाना नग्गल में दर्ज जानलेवा हमला कर चोरी के मामले में सीआईए-1 ने पटियाला के घनौर वासी आरोपी प्रवीन उर्फ पिन्ना, बंटी व गुलाब सिंह को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में आरोपी रोहित कुमार, हरिमोहन उर्फ जैलदार व मोहित चौहान उर्फ मोती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर



अंबाला। पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में।

लिया है। आरोपियों ने रिमांड के दौरान इस मामले में प्रवीन उर्फ पिन्ना, बंटी व गुलाब सिंह की संलिप्तता की बात कही थी। अलीपुर रोड की इंदिरा कॉलोनी नन्यौला मनप्रीत सिंह ने 9 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर में घुसकर उसे व उसके पिता पर घातक हथियारों से जानलेवा हमला कर काफी चोंटे पहुंचाकर नकदी चोरी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड मिला है।

## किसानों को नहीं मिला योजना का लाभ, कई महीनों से कर रहे हैं भुगतान का इंतजार

- कांग्रेसियों ने राज्य व केंद्र सरकार की मंशा पर उठाए सवाल, सीईओ को ज्ञापन देकर हस्तक्षेप करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। जिला परिषद के सीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेसी नेता।

किसानों को बकाया अनुदान जारी करने को लेकर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन की अगुवाई में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री नाम जिला परिषद के सीईओ नवीन कुमार आहूजा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा की केंद्र सरकार ने फसल अवशेष के जलने से होने वाले वायु प्रदुषण को रोकने के लिए व ज़मीन में पोषक तत्वों व ज़मीन के सुक्षम जीवों के नुकसान को रोकने के लिए व बॉयो एनर्जी प्लांट्स को बढावा देने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) योजनालागू की थी ताकि फसल अवशेषों को मिट्टी में रोककर-समांवेषित करके या आगे उपयोग के लिए एकत्रित करके प्रबंधन को बढावा दिया जा सके Iइस स्कीम के तहत केंद्र सरकार द्वारा इस देश के अन्नदाता को फसल अवशेष को मिट्टी में समावेशित करने वाले व फसल अवशेष को इकठा करने वाले कृषि यंत्रों की खरीद पर सब्सिडी दी जाती है I इस स्कीम के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए जुलाई/अगस्त 2023 में राज्य सरकार द्वारा किसानों से ऑनलाइन फॉर्म भरवाए गए थे। उस समय राज्य सरकार द्वारा काफी प्रचार प्रसार किया गया था कि इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा लगभग 300 करोड का बजट दिया जाएगा। नवंबर में फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद किसानों को कृषि यंत्रों पर सब्सिडी का लाभ दिसंबर 2023/ जनवरी 2024 तक किसानों के खाते में राशि ट्रांसफर से मिल जाना था। मगर केंद्र द्वारा राज्य सरकार को लगभग 300 करोड़ की राशी जारी करने के बावजूद किसानों को यह राशि नहीं मिली है। जबकि साथ ही लगते राज्य पंजाब में किसानों के खाते में यह राशि जनवरी 2024 में ही जमा हो गई थी। सरकार द्वारा इस स्कीम को चलाने का मुख्य उद्देश्य किसानो को पराली जलाने से रोकने का थाI लेकिन हमारे देश के अन्नदाता जो पहले से कर्जे में है, उन्होंने किसी तरह पैसे का इंतजाम कर यह कृषि यन्त्र ऑनलाइन फॉर्म की अप्रूवल के बाद लिए थे जिसकी सरकार द्वारा फिजिकल वेरिफिकेशन नवंबर 2023 मे कर दी गई थी। परन्तु उन किसानो के खाते में पैसे न आने के कारण किसान असमंजस और कर्जे में हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तरुण चुघ, सुरजीत सिंह, कुलदीप सिंह गुल्लू, जसविंदर सिंह जगदेव, कैप्टन जतिंदर पाल सिंह सोढ़ी, किरण राना, रोहित गर्ग, नवाब जगदेव, आशीष वर्मा, शुभम अग्रवाल, शुभम मल्होत्रा, सुमित कुमार, जसविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह बेद्वान, देवी दयाल शर्मा, अवतार अली, करनवीर सिंह, विशाल गुप्ता, नरिंदर सिंह, ख़ुशी राम सैनी भी मौजूद रहे।

## कैंट को फ्री होल्ड करने का दिया जा रहा लॉलीपोप

- मानसून सिर पर, नालों की नहीं हो पाई सफाई, टांगरी नदी ने फिर मचाई तबाही तो अफसर होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता।

अंबाला छावनी में पिछले साल बाढ़ से हुई तबाही को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर विकास के नाम पर वाहवाही लूटने का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस की ओर से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कांग्रेसी नेता परविंद्र सिंह परी ने कहा कि राज्य सरकार ने झूठी वाहवाही लूटने के लिए पिछले साल अंबाला को बाढ़ पीड़ित जिला घोषित कर दिया और मुआवजा देने की भी बात कही। लेकिन लोगों को अब तक मुआवजे में एक रुपया नहीं मिला है। इस बार भी मानसून सिर पर आ चुका है और प्रशासन की कोई तैयारी नहीं है। ऐसे में अगर इस बार भी बाढ़ जैसे हालात बने तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। परी ने कहा कि पिछले साल बाढ़ में सरकार की नाकामियों के चलते लोगों का काफी नुकसान हुआ था। क्योंकि अगर सरकार ने समय रहते प्रशासन के जरिए छोटी-बड़ी ड्रेनेज की सफाई का कार्य करवा लिया होता तो शायद बाढ़ के कारण इतना अधिक नुकसान नहीं होना था।

पिछले साल बाढ़ में हजारों आमजन के अलावा कारोबारियों का भी करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। कई कारोबारियों ने तो बाढ़ में अधिक नुकसान होने के कारण अपना कारोबार ही अंबाला में बंद करके यहां से पलायन कर लिया है। लेकिन पीड़ितों को आज तक बाढ़ में हुए नुकसान का मुआवजा नहीं मिल पाया है। सरकार ने मुआवजा देने के लिए पीड़ित लोगों से फार्म भरवाए और खराब सामान की फोटो भी ली गई। लेकिन फॉर्म लेने के बाद न तो कोई मौके पर हालात देखने के लिए पहुंचा और न ही मुआवजा मिल पाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले साल बाढ़ के बाद टांगरी नदी किनारे पत्थरों वाला पक्का बांध बनवाने का वादा किया था लेकिन अब तक उसके लिए कोई काम ही शुरू नहीं हो पाया है। यह सरकार और इसके मंत्री विधायक केवल लोगों को बरगलाने के लिए झूठे वादे करते है। कांग्रेस मांग करती है कि कैंट में टांगरी नदी किनारे दोनों साइडों में आरसीसी वॉल बननी चाहिए ताकि नदी का पानी कैंट के रिहायशी इलाकों में ही न घुस पाए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सतीश कनौजिया, हरमिंद्र हीरा, मनीष राणा, गौरी शर्मा, शशि पासी, बहादुर सिंह शंटी, विजय पप्पल, पंकज शर्मा, रूस्तम, संदीप सिंह, संजीव राणा, कांशी राम नंबरदार, अमरजीत, गुरमीत बरनाला, संदीप वशिष्ठ, अलका, मनप्रीत कौर, रंजना, अंकित पंडित, संजीव कुमार, नवजिंद्र सिंह व तेजेंद्र सिहं बब्बू सहित अन्य मौजूद रहे।

## ऑटो चालकों को एड्स के प्रति किया गया जागरुक, निशुल्क दवाएं भी दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। चालकों को एड्स की जानकारी देते हुए चिकित्सक व अन्य।

एडेंट सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट मैनेजर पीयूष यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के पास ऑटो स्टैंड पर चालकों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हेल्थ कैंप लगाया गया जिसमें एड्स, एसटीआई और टीवी की जांच की गई । इसमें सभी ऑटो ड्राइवरों एवं अन्य व्यक्ति का निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं उपचार किया गया। जांच कराने को लेकर कैंप में बडी संख्या में लोग शामिल हुए। काउंसलर राश्मि रावत, डॉक्टर एसडी, शर्मा, और आउटरीच वर्कर आशीष, सुमित, हिमानी पुजा और राहुल उपस्थित थे। जहां शिविर में लोगों को एड्स के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया तथा लोगों को एड्स से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की भी सलाह दी गई। इसमें असुरक्षित यौन संबंध से दूर रहने, खून चढ़ाने से पहले खून की जांच कराने तथा एक सुई से एक के अलावा किसी और को सुई नहीं लेने की सलाह दी गई है। शिविर में आए ड्राइवरों को स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा एड्स के बारे में जानकारी दी गई तथा उनका एचआइवी जांच भी किया गया।



अंबाला। नालों की सफाई का जायजा लेते हुए मंत्री सुभाष सुधा।

## निकाय मंत्री ने नालों की सफाई का लिया जायजा

**अंबाला।** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने शुक्रवार को कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद अम्बाला शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नालों व ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और नगर निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बरसात से पहले सफाई में किसी तरह की लापरवाही न बरतें, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी। मंत्री सुभाष सुधा सबसे पहले कुम्हार मौहल्ला पहुंचे। यहां उन्होंने सफाई का जायजा लिया। इसके उपरांत वे जगाधरी गेट, नाहन हाउस, कबीर नगर गए। यहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। कस्तूरबा गांधी स्कूल के बाहर किसी तरह का कचरा न डालने दिया जाए। उन्होंने इस स्कूल के बाहर अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने डेयरी कॉम्पलैक्स खतौली में भी दौरा किया। यहां सडक़ों पर गोबर और जलभराव की समस्या को देखकर तत्काल उसे साफ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को किसी भी तरह इस सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने को कहा।

### भाजपा के कोषाध्यक्ष तायल ने नकारात्मक राजनीति करने वालों को लिया आड़े हाथों

# मुख्यमंत्री की कार्यशैली से हर वर्ग को मिल रही है राहत

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

भाजपा के ज़िला कोषाध्यक्ष आशीष तायल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली और उनके व्यवहार की तारीफ करते हुए कहा कि विनम्र मुख्यमंत्री विनम्र सरकार के उद्देश्य को लेकर प्रदेश में जन कल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। यह प्रदेश की खुशकिस्मती है कि हमें नायब सैनी जैसी शख्सियत को मुख्यमंत्री के रुप में कार्य करते हुए देखने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री के विनम्र स्वभाव की आज भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता और प्रदेश का प्रत्येक



अंबाला। सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते हुए कोषाध्यक्ष आशीष तायल।

नागरिक खुले मन से तारीफ कर रहा है। इसी को देखते हुए हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। तायल ने बताया कि जबसे नायब सैनी ने मुख्यमंत्री के तौर पर बागड़ोर संभाली है उसी दिन से प्रतिदिन कोई न कोई जनकल्याणकारी नीति का शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को कोई कोताही न बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का पुरा ख्याल रखा जा रहा है।

उनके कार्य तुरंत करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। आशीष तायल ने नाकारात्मक राजनीति करने वाले नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कुछ नेताओं को लगता है कि उनके बिना प्रदेश में न तो सरकार बन सकती है और न ही सरकार चल सकती है ऐसे नेताओं को जल्द से जल्द यह गलतफहमी छोड़ देनी चाहिए क्योंकि सरकार उसी की बनती है जो लोगों के दिलों पर राज करते हैं। ऐसे लोगों को नकारात्मक राजनीति का त्याग कर जन कल्याण के कार्यों के बारे में सोचना चाहिए। जनता ने अगर उनको ताकत दी है तो उनको इसका सदुपयोग करना चाहिए नाकि नकारात्मकता और अहंकार का परिचय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बहुत सारी घोषनाएं की हैं जिसके अंतर्गत शहीद परिवारों के आश्रितों को सरकारी नौकरी की घोषणा की है। अनुकंपा के आधार पर अब तक 371 नौकरियां दी गई हैं, वीर शहीद सम्मान योजना को मंजूरी दी गई, पुलिस कर्मियों के यात्रा भत्ते में बढ़ोतरी की गई है जिसके अंतर्गत 10 दिन की बजाय 20 दिन का यात्रा भत्ता दिया जाएगा, किसान ट्यूबल कनेक्शन का लोड बढ़ावा सकते हैं, नए ट्यूबल कनेक्शन के लिए पोर्टल खोला जाएगा, एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 5 वर्ष की छूट दी जाएगी समेत कई घोषणाएं शामिल हैं।